CLASS: II
SESSION NO:1
SUBJECT : (HINDI)
CHAPTER NUMBER: पाठ- 14
TOPIC : हमारे प्रेरणा स्रोत
SUB TOPIC:प्रस्तावना पाठ विश्लेषण तथा कठिन शब्द

CHANGING YOUR TOMORROW

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

शिक्षण क उद्देश्य
ा

- विद्यार्थी में भाषाई कुशलता का विकास करना।
- पाठ संबंधित ज्ञान प्रदान करना।

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

प्रेरणा स्रोत

वह स्रोत जो हमें सर्वश्रेष्ठ करने और अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करते हैं वे ही हमारी प्रेरणा का स्रोत होते हैं।

एक व्यक्ति

एक किताब

माता-पिता

एक शिक्षक

एक मशहूर हस्ती

आपके सपने

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow



कनक दास जी

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow



राज्य — कर्नाटक

राजधानी — बेंगलुरू

भाषा — कन्नड़

पाठ- 14 हमारे प्रेरणा स्रोत

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

कर्नाटक पूरे भारतवर्ष में अपनी कला संस्कृति और साहित्य के लिए प्रसिद्ध है मीराबाई तथा सूरदास की तरह ही श्री कृष्ण के भक्ति पद गाने वालों में दक्षिण के कनकदास जी प्रसिद्ध हैं। कनक दास जी ने कई गीतों तथा कीर्तनों की रचना की है, जो दक्षिण में खूब प्रसिद्ध हैं।

कनकदास का जन्म घारवाड़ के पास बाड़ नामक ग्राम में हुआ था। उनके पिता का नाम बीरप्पा गौडा था और माता का नाम बचम्मा था। उनके बचपन का नाम 'तिमप्पा' था।

एक बार तिमप्पा ज़मीन खोद रहे थे ,तब उन्हें सोने के कुछ सिक्के मिले |उन्होंने उन सिक्कों से अपना ग्राम बाड़ का उद्धार किया | बाद में वे कागिनेले आए और वहाँ उन सिक्कों की मदद से उन्होंने 'आदिकेशव' का मंदिर बनवाया| इसी कारण उनका नाम 'कनक नायक' पड़ा |

श्री कृष्ण के प्रति उनकी अपार श्रद्धा थी| श्री कृष्ण के बाल रूप का वर्णन उन्होंने अपनी कविताओं में किया है| उनकी कविताओं को 'कीर्तन' के नाम से जाना जाता है| उनके गुरु का नाम 'व्यासराय ' था |कनक नायक नाम ही आगे चलकर 'कनकदास' हुआ | उनकी प्रमुख कृतियाँ हैं - मोहन तरंगिणी, नल चरित, रामधान्य चरित, हरिभक्ति सागर आदि |कनक दास जी ने करीब 400 से भी ज़्यादा कीर्तनों की रचना की| कनकदास जी कन्नड़ साहित्य सागर के चमकते सितारे हैं|

कठिन शब्द

कर्नाटक	प्रसिद्ध	कृतियाँ
संस्कृति	कीर्तनों	कन्नड़
साहित्य	उद्धार	भक्ति पद
	श्रद्धा	

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

गृह कार्य

कठिन शब्दों को तीन-तीन बार कॉपी में अभ्यास करें

सीखने के प्रतिफल

विद्यार्थी पाठ का सस्वर वाचन करना सीखें,साथ ही पाठ संबंधित ज्ञान प्राप्त किए। इससे उनकी भाषाई क्षमता विकसित हुई

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP